भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
16.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1261 का उत्तर

रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा शुरू की गई परियोजनाएं

1261. श्री नीरज डांगीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और उन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(ख) क्या आरवीएनएल ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए इसे स्थापित किया गया था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में आरवीएनएल का कार्य निष्पादन बहुत ही खराब रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा कौन-कौन से सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): 01.04.2022 की स्थिति के अनुसार, आरवीएनएल द्वारा पूर्णतया/आंशिक रूप से शुरू की गई लगभग 1.12 लाख करोड़ रु. की लागत वाली 7,003 किलोमीटर कुल लंबाई की 43 परियोजनाएं (9 नई लाइन, 5 आमान परिवर्तन और 29 दोहरीकरण) हैं, जो योजना/स्वीकृति/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 2,852 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर लिया गया है और मार्च 2022 तक 59,389 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

(ख) से (घ): जी हां। आरवीएनएल ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए इसे स्थापित किया गया था। आरवीएनएल ने रेल परियोजनाओं का बेहतर ढंग से निष्पादन किया है। आरवीएनएल ने पिछले तीन वर्षों अर्थात 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान क्रमश: 665 किलोमीटर, 662 किलोमीटर और 1020 किलोमीटर नई लाइन/आमान परिवर्तन/ दोहरीकरण खंड कमीशन किए हैं।

****

s.k